# डेजर्ट एडवेंचर टूरिज्म का हब बनेगा बीकानेर : नम्रता वृष्णि

**बीकानेर,**(कासं)। विश्व के पर्यटन नक्शे पर बीकानेर जल्द ही और चमकता नजर आयेगा। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं और उस पर खर्च होने जा रहे करोड़ों रूपए के बजट से यह जल्द ही संभव होगा। सोमवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में हुई बजट घोषणाओं और विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के संभागीय संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने इसकी जानकारी दी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि बीकानेर जल्द ही विश्व पर्यटन नक्शे पर चमकता नजर आयेगा। पर्यटन विभाग के संभागीय संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि बीकानेर को डेजर्ट एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने को लेकर एक्सप्रेस ऑफ इंटरेस्ट ( ईओआई) जारी कर पीपीपी मोड पर काम करने वाली कुछ फर्मों के नाम पर्यटन मुख्यालय को भेजे गए हैं। चयनित फर्म पीपीपी मोड पर पैरा ग्लाइडिंग, पैरासैलिंग, हॉट एय़र बैलूनिंग, सैंडून्स सर्फिंग, ऑफ रोडिंग, हॉर्स राइडिंग, जीप सफरी, कैमल सफारी, कैमल कार्ट सफारी इत्यादि को लेकर सैटअप लगायेगी।



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को बजट घोषणाओं और विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

रायसर में रूरल टूरिज्म बजट घोषणा को लेकर राठौड़ ने बताया कि इसको लेकर जिला परिषद के तैयार किए 7 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट को पर्यटन मुख्यालय भेजा गया है। जिसमें हाई मास्क लाइट, सनसेट व्यू रोड़, लव कुश वाटिका, आर्टिफिशियल तालाब, हैरिटेज पेंटिंग्स, पार्किंग, सोलर लाइट्स, बस स्टैंड, सीसीटीवी कैमरा समेत कई आधारभूत सुविधाओं का विकास शामिल है।

जिला कलेक्टर को अनिल राठौड़ ने बताया कि 23 करोड़ की लागत से करणी माता मंदिर के संपूर्ण जीर्णोद्धार का काम आरटीडीसी ने 1 जून से शुरू कर दिया है। कपिल सरोवर के सभी घाटों के विकास और संपूर्ण जीर्णोद्धार को लेकर 18 करोड़ का प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार के पास भेजा गया है। अनुमति मिलते ही आरटीडीसी यह कार्य शुरू कर देगा। बीडीए ने बीकानेर में नाइट टूरिज्म के लिए 9.5 करोड़ और सूरसागर जीर्णोद्धार के लिए 6.20 करोड़ का प्रस्ताव भेजा।

राठौड़ ने बताया कि बीकानेर जिला मुख्यालय पर नाइट टूरिज्म को लेकर बीडीए ने 9.5 करोड़ का प्रस्ताव और सूरसागर जीर्णोद्धार के लिए 6.20 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाकर भेजा है जिसे अनुमोदन के लिए पर्यटन मुख्यालय भिजवा दिया गया है।

राठौड़ ने जिला कलेक्टर को बताया कि इस साल की बजट घोषणा के अनुरूप जिला मुख्यालय पर स्थित हनुमान मंदिर विकास को लेकर 1.7 करोड़, मुरली मनोहर मंदिर विकास के लिए 1.62 करोड़, शीतला माता मंदिर विकास को लेकर 63 लाख और लक्ष्मी नाथ मंदिर विकास को लेकर 1.98 करोड़ का प्रस्ताव पीडब्लयूडी की ओर से पर्यटन विभाग को दिए गए जिन्हें अनुमोदन के लिए जयपुर भेजा गया है। बैठक में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत, एडीएम सिटी रमेश देव समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

- **विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग ने यह जानकारी दी**

**बाल संरक्षण इकाई की बैठक :** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सायं 4:30 बजे समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) एवं किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 के तहत जिला स्तर पर बाल संरक्षण के क्रम में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

यह जानकारी बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अरूण सिंह शेखावत ने दी।

## सीताराम जाट को मा.शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**बीकानेर,** (कासं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशक का पद एक बार फिर खाली हो गया है। इस पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी आशीष मोदी का यहां से तबादला हो गया है लेकिन किसी नए अधिकारी का पदस्थापन करने के बजाय प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट को ही इसका चार्ज दे दिया गया है। ऐसे में एक बार फिर नए निदेशक का इंतजार शुरू हो गया है।

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राज्य के 62 आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। इसमें आशीष मोदी को माध्यमिक शिक्षा निदेशक पद से हटाकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में निदेशक बना दिया है। वहीं निदेशक की जिम्मेदारी सीताराम जाट को दी गई है। जाट का इस पद पर तबादला नहीं हुआ है बल्कि अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पहले भी दो बार सीताराम जाट को ही माध्यमिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी दी गई थी। एक ही परिसर संचालित प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक के दो पदों पर दो आईएएस अधिकारियों का पदस्थापन होता रहा है। कई बार एक ही निदेशक को दोनों निदेशालय का चार्ज महीनों संभालना पड़ा है। पिछले दिनों जब भी आशीष मोदी अवकाश पर रहे, तब सीताराम जाट को ही अतिरिक्त चार्ज दिया गया था। आशीष मोदी का निदेशक पद से दूसरी बार तबादला हुआ है।

## सार-समाचार

### मोहर्रम पर पुलिस इंतजाम की मांग



मोहर्रम पर पुलिस इंतजाम को लेकर पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने एस. पी. कावेन्द्र सिंह सागर को ज्ञापन सौंपा।

**बीकानेर,** (कासं)। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष रमजान कच्छावा एवं पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद के नेतृत्व में लाइसेंस धारी बीकानेर के गणमान्य जन के साथ जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को मोहर्रम पर मोहल्ला व्यापारियन, जगमोहन कुआं गली, दाऊजी रोड, मोहल्ला भिस्तियान, डिडूसिपाहियान, चुनघरान, धोबी तलाई, शीतला गेट, खटीकान, कुचिलपुरा, रामपुरा बस्ती, छोटी बड़ी कर्बला क्षेत्र शहर की जर्जर हालत में पड़ी सड़कों, नाली क्रॉस, लाइटों के तार ट्रांसफार्मर का मेंटिनेंस, साफ-सफाई, पुलिस का इंतेजाम को लेकर एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मोहम्मद शाकीर, अनवर अजमेरी, अली मुदीन, अजीज महावत, बिलाल अहमद, युनूस महावत, युनूस अली, अयूब अली, अरमान अली, अदनान महावत, अख्तर हुसैन आदी मौजूद रहे। साथ ही साथ दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। हर वर्ष प्रशासनिक अधिकारी, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आईजी मोहर्रम के अवसर पर मोहल्ला व्यापारियान ताजियों की चौकी के पास नगर निगम बीकानेर द्वारा मंच पर आसीन होते आए हैं। गत तीन वर्षों से इस परंपरा को नजरअंदाज किया जा रहा है। दोनों अधिकारियों ने त्योहार के अवसर पर समस्याओं के समाधान एवं पुलिस की माकूल व्यवस्था ओर मोहर्रम के दिन मंच पर आने की परंपरा का आश्वासन दिया।

### 'दादाजी की साइकल' पुस्तकालोचन



कासिम बीकानेरी के हिन्दी कहानी संग्रह 'दादाजी की साइकल' का पुस्तकालोचन' वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा अपने गत साढे चार दशकों की सृजनात्मक एवं रचनात्मक यात्रा में नव पहल व नवाचार के तहत इस बार 'पुस्तकालोचन' कार्यक्रम जो कि पुस्तक संस्कृति को समर्पित रहेगा का आगाज़ स्थानीय नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में किया गया। संस्था के प्रतिनिधि राजेश रंगा ने बताया कि पुस्तकालोचन कार्यक्रम की पहली कड़ी नगर के वरिष्ठ शायर एवं कहानीकार कासिम बीकानेरी के हिन्दी कहानी संग्रह 'दादाजी की साइकल' से प्रारंभ हुआ। उक्त आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार-आलोचक कमल रंगा ने कहा कि कासिम बीकानेरी की कहानियां सामाजिक सरोकारों एवं संवेदना का दस्तावेज है। इन कहानियों के माध्यम से कासिम विभिन्न कथा वस्तुओं के तालमेल, चित्रात्मक प्रस्तुति एवं देश, काल, वातावरण का जीवंत वर्णन सहज भाषा और संवाद के जरिए करते हुए पाठक से अपना एक रागात्मक रिश्ता जोड़ते हैं। रंगा ने आगे कहा कि पुस्तकालोचन आयोजन के माध्यम से बीकानेर की साहित्यिक कृतियों पर विस्तृत आलोचना होना नव पहल तो है ही साथ ही इसके माध्यम से पुस्तक आलोचना की कमी को भी पूरा करने का प्रयास संस्था एवं आयोजकों द्वारा करना एक अच्छी पहल है।

### 105 करोड़ से बनी मेडिसिन विंग

**बीकानेर,** (कासं)। यहां पीबीएम अस्पताल परिसर में एक ऐतिहासिक बदलाव की दस्तक सुनाई दे रही है। उद्योगपति कन्हैयालाल मूंधड़ा के जुनून और सेवा भावना से बनी प्रदेश की सबसे बड़ी मेडिसिन विंग अब अपने अंतिम चरण में है। करीब 105 करोड़ रूपए की लागत से तैयार हुई यह विंग अगस्त 2025 में जनता को समर्पित की जायेगी, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया जा सकता है। पीबीएम अस्पताल परिसर में बनने वाली यह मेडिसिन विंग सरकारी और निजी स्तर पर प्रदेश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संरचना बनेगी। करीब 2.89 लाख वर्गफीट क्षेत्र में फैले इस भवन में 527 बैड, वातानुकूलित कॉटेज, आधुनिक वेटिंग हॉल, हाईटेक ऑक्सीजन सिस्टम और इमरजेंसी के लिए बेल युक्त टॉयलेट्स जैसी सुविधाएं मौजूद होंगी। मेडिसिन विंग को गुजरात के सिविल अस्पताल की तर्ज पर डिजाइन किया गया है।

# नाला बंद होने से तेज बारिश में नगर निगम का इलाका उफनेगा

**बीकानेर,** (कासं)। मानसून को लेकर बड़ी खबर ये है कि 26-27 जून के बीच बीकानेर में दस्तक दे सकता है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के हिसाब से पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के साथ आसपास के जिलों तक भी मानसून पहुंचने की संभावना है।

बीकानेर में मानसून पहुंचने के साथ ही देश में मानसून पहुंचने का ऐलान भी कर दिया जायेगा। दरअसल बंगाल की खाड़ी में आगामी दिनों में बैक टू बैक सिस्टम बनने के कारण पूर्वी राजस्थान में तो बारिश तेज होगी। साथ ही पश्चिमी राजस्थान में भी मानसून पहुंचने की संभावना मजबूत हो गई है। इस दौरान बीकानेर में तेज हवाएं या आंधी भी आने की संभावना जताई गई है। मानसून करीब आने की वजह से ही नमी लगातार बढ़ रही है। नमी बढ़ने के साथ ही तापमान भी सामान्य से ज्यादा है। इस वक्त बीकानेर को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

- **निगम के पास पेट्रोल पंप के पीछे नाले का काम चलने से उसे एक तरफ से बंद करने पर पानी का निकास रूका**

रविवार को ही आर्द्रता 75 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। ऊपर से दिन में निकली धूप से गर्मी और बढ़ी। इस वजह से तपिश और घुटन से लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। हालात इतने विकट हो गए कि अब कूलर तो पूरी तरह जवाब दे गए। सिर्फ एयर कंडीशन में ही राहत मिल रही है। कूलर में उमस के कारण सुकून नहीं मिल रहा। पंखे तो पूरी तरह फेल हो चुके हैं। लगातार तपी छतें और दीवारों के कारण घरों के भीतर गरमाहट समा चुकी है। जिन घरों में वेंटीलेशन नहीं है वहां तो हालात और भी ज्यादा खराब हैं। अब कीर्ति स्तंभ के पास से सीवरेज का कनेक्शन हो गया। नई लाइन 3 बाई 3 फीट की है। जबकि पहले वाली सीवरेज इससे आधी भी नहीं है। इसलिए बारिश के दिनों में ये लाइन ज्यादा पानी खींचेगी तो जल्दी पानी की निकासी हो जायेगी। लम्बे समय से निगम के पास पेट्रोल पंप के पीछे एक नाले का काम चल रहा है। उस नाले को एक तरफ से बंद कर दिया गया। गिन्नाणी साइड से आ रहा पानी पंप के पीछे रोक दिया गया। अब पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिला तो वो पंप के सामने सड़क पर फैल रहा है।

मयंक मनीष, कमिश्नर नगर निगम बीकानेर का कहना है कि इस नाले का दो बार टेंडर हुआ था। कोई फर्म नहीं आई। काम तेज कराया है। फिर भी हम पानी निकालने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पंप का रास्ता देख रहे हैं। कुआं भी जल्द इस इलाके में खोदने को कहा है।

## रीको व श्मशान भूमि में 200 पौधे लगाए

**नोखा,**(कासं)। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र ने बीकासर चारण समाज की श्मशान भूमि में एक पौधारोपण अभियान चलाया। केन्द्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र हीरावत के नेतृत्व में रीको इंडस्ट्रियल एरिया में 200 पौधे लगाये।

नोखा नगर पालिका के वाइस चेयरमैन और केन्द्र उपाध्यक्ष वीर निर्मल कुमार भूरा ने इस मौसम में अधिक पौधारोपण का आव्हान किया। गवर्निंग काउंसिल मेंबर डॉ एम.पी. तिवाड़ी ने एपेक्स के राष्ट्रीय प्रोजेक्ट 'ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया' की जानकारी साझा की और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेफराज मंदिर कक्कू और आईटीआई सोमलसर में भी पौधारोपण किया जायेगा। कार्यक्रम में रीको इंडस्ट्रियल एरिया से कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। भूमि प्रभारी गोपालदान ने पिछले वर्षों में लगाये गए पौधों का निरीक्षण करवाया। उन्होंने नए लगाये गए पौधों की देखभाल का आश्वासन दिया।

# 2500 क्यूसेक पानी की मांग को लेकर धरना जारी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगनहर में 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन ने अब सियासी रंग भी ले लिया है। एक ओर जहां आंदोलन आज आठवें दिन भी जारी रहा वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता टीकाराम जूली और सचिन पायलट ने सोशल मीडिया के जरिए भाजपा सरकार पर तीखे शब्दों में हमला बोला। दोनों नेताओं ने सरकार को किसानों से वादाखिलाफी का दोषी ठहराया और कहा कि उन्हें उनके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। यह उनका हक है न कि कोई उपकार।

उधर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संयुक्त किसान संघर्ष समिति की ओर से 24 जून को 'प्रशासन ठप' आंदोलन की घोषणा की गई है। इसके तहत जनसंपर्क अभियान सोमवार को भी जारी रहा। धरने को व्यापक समर्थन मिलने लगा है। आज करनपुर बाजार दोपहर एक बजे तक बंद रहा। जबकि जिले की सभी धान मंडियां पूरी तरह बंद रखी गई। नई धानमंडी में भी कृषि जिंसों की बोली नहीं करने का व्यापारिक सगठनों ने धरने को समर्थन दिया है। स्वर्णकार यूनियन, दवा विक्रेता, लोहा यूनियन, वस्त्र विक्रेता, रेडिमेड, फोटो स्टेट और पेस्टीसाइड विक्रेताओं सहित कई व्यापारिक संगठनों ने आंदोलन को समर्थन दिया। करणपुर पालिका अध्यक्ष के अनुसार किसानों के साथ व्यापारी, मजदूर और आम नागरिक एकजुट होकर संघर्ष में साथ हैं। पदमपुर क्षेत्र में भी पानी की गंभीर स्थिति है।

- **संयुक्त किसान संघर्ष समिति की ओर से 24 जून को 'प्रशासन ठप' आंदोलन की घोषणा**
- **पायलट और जूली ने किया किसानों का समर्थन**

# 26 केन्द्रों पर स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सोमवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से माध्यमिक शिक्षा विभाग में स्कूल व्याख्याता तथा कोच के 2,202 पदों के लिए राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षा हो रही है। जिले में इसके लिए कुल 26 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां पहले दिन 21 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा प्रतिदिन 2 पारियों में आयोजित की जा रही है और 28 जून तक चलेगी।

प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केन्द्र में प्रवेश दिया गया। विलम्ब से पहुंचने वालों को किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में ओएमआर शीट के 5 वें विकल्प को भरने हेतु 10 मिनट का अतिरिक्त समय भी निर्धारित किया गया है। श्रीगंगानगर जिले में परीक्षा के संचालन के लिए प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, आयुर्वेद, कृषि, पीएचईडी, अल्पसंख्यक सहित विभिन्न विभागों के करीब 1,500 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

- **श्रीगंगानगर में 21 हजार अभ्यर्थियों ने दी स्कूल व्याख्याता परीक्षा**

परीक्षा व्यवस्था के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार ने बताया कि सभी केन्द्रों पर बैठने की उचित व्यवस्था, पीने के पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया गया है।

## पौने दो किलो गांजा सहित दबोचा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। सदर पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा सहित दो लोगों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया। एसआई जीतराम ने गश्त के दौरान आरोपियों को पकड़ा।

आरोपी जितेन्द्र निवासी नेहरा नगर को रिद्धि-सिद्धि आशियाना के पास दोपहर बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस टीम को देखकर छिपने की कोशिश कर रहा था। उसकी तलाशी ली तो आरोपी के पास 935 ग्राम गांजा बरामद हुआ। देर शाम मानसरोवर कॉलोनी के पास गश्त के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए मिला। पुलिस टीम ने पूछताछ की तो आरोपी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। संदेह होने पर तलाशी ली तो आरोपी के पास 884 ग्राम गांजा मिला। आरोपी की पहचान राम आशीष निवासी नेहरा नगर के तौर पर हुई।

# खनन ने रोकी कपिल सरोवर, नदी तालाबों में पानी की आवक

**बीकानेर,** (कासं)। कोलायत के कपिल सरोवर के बहाव वाले रास्तों में अवरोधक को लेकर गठित कमेटी की त्रैमासिक रिपोर्ट ही इस बार तैयार नहीं हो पाई है। अंतिम रिपोर्ट जनवरी 25 में भेजी गई थी, जिसमें साफ लिखा है कि बहाव क्षेत्र में एक भी अवरोधक नहीं है। जबकि बेतरतीब खनन और ओवर बर्डन के कारण पांच तालाबों में पानी आने के रास्ते बंद हो चुके हैं।

कोलायत के कपिल सरोवर के मामले में हाई कोर्ट के आदेश पर हर तीन महीने में एक रिपोर्ट तैयार होती है। पिछली रिपोर्ट जनवरी में कलेक्टर को भेजी गई थी, जिसमें लिखा है कि बहाव क्षेत्र की तीनों नहरों के निरीक्षण के दौरान एक भी अवरोधक नहीं पाया गया। हैरानी की बात ये है कि पिछले करीब 14 सालों से ऐसी ही रिपोर्ट भेजी जा रही है। जबकि बेतरतीब खनन और ओवर बर्डन के कारण बरसाती नदियों के रास्तों में बड़ी रूकावटें खड़ी हैं।

- **कपिल सरोवर के बहाव वाले रास्तों में अवरोधक को लेकर गठित कमेटी की त्रैमासिक रिपोर्ट इस बार तैयार नहीं हो पाई**

हिंगलाज नगर खदानों के बीच बसा हुआ है। करीब 50 घर बाल क्ले और बजरी की खदानों से घिरे हुए हैं। घर से मात्र 50 मीटर पर ही खनन कार्य होता है। चारों तरफ ओवर बर्डन के पहाड़ हैं। पूरे दिन मशीनों की आवाज और धूल के कारण वातावरण प्रदूषित रहता है। वहां रहने वाले रामचंद्र का कहना है कि घर में दो-दो इंच बजरी और धूल जमा हो जाती है। उपखंड और तहसील स्तर पर सुनवाई नहीं होती।

सुओ मोटो प्रकरण संख्या 11153/ 2011 रेफरेंस राजस्थान उच्च न्यायालय की मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों ने 28 जुलाई 2012 को कोलायत के कपिल सरोवर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान माइनिंग के ओवर बर्डन से कपिल सरोवर के बहाव क्षेत्र में रूकावटें नजर आई। उसका निराकरण करने के लिए उपखंड स्तर पर एक कमेटी गठित की गई। 14 साल से यह कमेटी हर तीन महीने में एक रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेज रही है।

## फुटबॉल टीम में चयन

**बीकानेर,** (कासं)। मास्टर बच्ची क्लब के तीन युवा फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में जयवर्धन ओझा, अरनब और अमान शामिल हैं। क्लब के सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि क्लब के तीन होनहार खिलाड़ियों जयवर्धन ओझा, अरनब और अमान को सीकर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 15.07.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं । **निविदा संख्या:** 69, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर / हनुमानगढ़-I के अधीन मण्डी डबवाली स्टेशन पर नोन रनिंग लाईन को रनिंग लाईन (लाईन नं. 4) में बदलने सम्बन्धित ट्रेक व अन्य कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 3915746.98, **धरोहर राशि:** Rs. 78300.00, **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 727-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## फूलनाथ तालाब की सफाई

**बीकानेर,** (कासं)। लगातार चौथे रविवार को बीकानेर की प्राचीन धरोहर फूलनाथ तालाब पर कई सामाजिक संस्थाओं ने श्रमदान किया।

टीम अवर फॉर नेशन के अध्यक्ष सुधीश शर्मा, बीकानेर सेवा योजना अध्यक्ष राजकुमार व्यास, नया शहर थानाधिकारी एवं सिपाही, फूलनाथ ट्रस्ट, चार्टेड एसोसिएशन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं ने परिसर में बनी अष्ट कोणीय बावड़ी और प्राचीन तालाब भूमि की साफ-सफाई करके पसीना बहाया। राजकुमार व्यास ने इस प्राचीन धरोहर को बचाने एवं जल संरक्षण के लिये बीकानेर के जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन को आगे आने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, वीरेन्द्र राजपुरोहित, छोटूलाल चूरा, रामकुमार ओझा रामलाल पंवार, राधाश्री पुरोहित, मदन पुरोहित, रूद्र व्यास, गोपीकिसन, वैभव पंवार, सुशील यादव, मानक व्यास, रमेश उपाध्याय, राजकुमार पारीक एवं अनेक श्रमसेवी महिला पुरूषों ने सहयोग किया।

# विभिन्न कार्यों पर व्यय कार्ययोजना प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में तैयार करने पर चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पंच गौरव कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पंच गौरव प्रोत्साहन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न कार्यों पर व्यय के विस्तृत कार्ययोजना प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में तैयार किए जाने पर चर्चा हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत प्रत्येक जिले की क्षमता एवं क्षेत्र विशेष में विशिष्टता के आधार पर उत्पादों, स्थलों, खेलों, उपजों एवं वनस्पतियों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में विरासत एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ इन गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक उन्नति एवं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने बाबत पंच गौरव कार्यकम शुरू किया गया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में एक जिला एक उत्पाद बीकानेरी नमकीन, एक जिला एक उपज मोठ, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति रोहिड़ा, एक जिला एक खेल तीरंदाजी एवं एक जिला एक पर्यटन स्थल श्री करणी माता मन्दिर, देशनोक को चिन्हित किया गया है।



पंच गौरव कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने संबोधित किया।

- **पंच गौरव कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित**

उन्होंने बताया कि कार्यकम के कियान्वयन के लिए कार्ययोजना प्रपत्र एवं बजट राशि के विस्तृत कार्ययोजना प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन करवाया जायेगा। इसके बाद राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया जायेगा।

बैठक में नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक रोहिताश्व पूनिया, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अतिरिक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह, उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- नियमन /2025/4135 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :- 18.6.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री भारत अरोड़ा एवं श्री मानव अरोड़ा पिसरान श्री कमल अरोड़ा निवासी म. न. 141, गली नं0 12, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 जैड ए मुरब्बा नं0 18 किला नं0 21 में माप 20 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या एस-02 अम्बिका एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पटटा संख्या 4123 दिनांक 19.02.2013 को श्रीमती सिमरण आहूजा पत्नी श्री राजेश आहूजा के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री भारत अरोड़ा एवं श्री मानव अरोड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा 02.05.2025 के द्वारा क्रय कर भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध श्री भारत अरोड़ा एवं श्री मानव अरोड़ा पिसरान श्री कमल अरोड़ा निवासी म.न. 141, गली नं0 12, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर / दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास / हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/205 -सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4116 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.6.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बहादुर सिंह पुत्र श्री बेअंत सिंह निवासी म.नं. ई-07, आनंद विहार, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 04 किला नं. 1 में माप 30 इन्टू 65 फीट भू.सं. 05 महावीर नगर सैक्टर 13 श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 1634 दिनांक 30.1.2022 को श्री ललित गोयल पुत्र श्री हनुमान दास के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री बहादुर सिंह द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 7.4.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त नामांतरण हेतु न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री बहादुर सिंह पुत्र श्री बेअंत सिंह निवासी म.नं. ई-07, आनंद विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियादे प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/289 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर